## संपादकीय

# लिज ट्रस के लुभावने वादे

**संभावना जताई जा रही है कि ट्रस को अपने वादों पर पुनर्विचार करना होगा। लेकिन उस हाल में उन पर वादाखिलाफी का आरोप लगेगा। वैसे राजनीति में ऐसे आरोप नए नहीं हैं। ना ही लिज ट्रस को कोई नैतिकतावादी नेता समझा जाता है।**

**ब्रिटेन में अब यह मान कर चला जा रहा है कि लिज ट्रस अगली प्रधानमंत्री होंगी। ब्रिटिश विश्लेषकों का आकलन है कि पांच सितंबर को कंजरवेटिव पार्टी का नेता चुने जाने के बाद लिज ट्रस छह सितंबर को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगी। इसलिए अब वे ही चर्चा के केंद्र में हैं। तो उनके उन वादों पर भी ध्यान केंद्रित हुआ है, जो उन्होंने छह हफ्ते तक नेता पद के चुनाव के लिए चले प्रचार अभियान के दौरान किए हैं। आलोचकों ने कहा है कि इस दौरान ट्रस ने आसमान से तारे तोड़ कर लाने जैसे वायदे लोगों से किए हैं। मसलन, उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद पहले ही पहले ही दिन वे टैक्स में कटौती का फैसला करेंगी। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और ऊर्जा संकट की मार झेल रहे परिवारों की सहायता के लिए विशेष कदम उठाने का वादा भी किया है। जाहिर है, इन वादों के पूरा होने को लेकर अब शक जताया जा रहा है। लोगों के लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि ये वादे वे कैसे पूरा करेंगी।**

**फिलहाल, उनके सामने लगभग एक लाख 80 हजार कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य हैं। इनमें बड़ी संख्या उन लोगों की है, जो निम्न टैक्स और न्यूनतम सरकार की नीति में यकीन करते हैं। लेकिन कंजरवेटिव पार्टी ही देश नहीं है। देश में विभिन्न तबके हैं, जिनकी अलग-अलग जरूरतें हैं। जिस समय देश मंदी के सामने है, अगर उन्होंने पार्टी के धनी समर्थक वर्ग को खुश करने के लिए उस समय 30 बिलियन पाउंड की टैक्स कटौती की भी, तो उसे कैसे वाजिब ठहराएंगी? फिर उन्होंने आम परिवारों को भी मदद देने का वादा किया है। क्या इसके लिए उनकी सरकार कर्ज लेगी? कंजरवेटिव समर्थक सरकार पर कर्ज का बोझ बढ़ने या राजकोषीय घाटे में बढ़ोतरी को भी पसंद नहीं करते। ऐसे में संभावना यह जताई जा रही है कि ट्रस को अपने वादों पर पुनर्विचार करना होगा। लेकिन उस हाल में उन पर वादाखिलाफी का आरोप लगेगा। लेकिन राजनीति में ऐसे आरोप नए नहीं हैं। ना ही लिज ट्रस को कोई नैतिकतावादी नेता समझा जाता है।**

# भारत 2029 तक बन सकता है तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : एसबीआई अर्थशास्त्री की रिपोर्ट



**नई दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की जारी एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2029 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है।

भारत ने दिसंबर 2021 में ही ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के आकार को पार कर पांचवां स्थान बना लिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2027 में जर्मनी से और 2029 तक जापान से आगे निकल सकता है। यह किसी भी मानक द्वारा एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ सौम्य कांति घोष द्वारा तैयार इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 13.5 फीसदी की वृद्धि हुई हैऔर इस इस दर पर, भारत के चालू वित्त वर्ष में सबसे तेजी से विस्तार कर रही बड़ी अर्थव्यवस्था होने की संभावना है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2014 के बाद से एक बड़े संरचनात्मक बदलाव से गुजरा है और अब यह पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने दिसंबर 2021 की शुरुआत में ही ब्रिटेन को 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में पीछे छोड़ दिया था, न कि हाल ही में जैसा कि दावा किया जा रहा है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का हिस्सा अब वैश्विक जीडीपी का 3.5 प्रतिशत है, जो 2014 में 2.6 फीसदी था और 2027 में 4 प्रतिशत को पार करने की संभावना है । वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में जर्मनी का वर्तमान हिस्सा 4 प्रतिशत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 के बाद से भारत द्वारा अपनाए गए रास्ते से पता चलता है कि भारत को 2029 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा मिलने की संभावना है। वर्ष 2014 के बाद से यह सात स्थान ऊपर का सफर होगा।

विभिन्न अनुमानों में 2022-23 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी से 7.7 प्रतिशत तक रहने की बात कही गयी है। एबसीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार श्री घोष ने लिखा है, हम दृढ़ता से मानते हैं कि दुनिया में अनिश्चितताओं से इस दौर में भारत के लिए 6 फीसदी से-6.5 प्रतिशत की वृद्धि एक नयी सामान्य बात हो गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले समय में चीन में निवेश कम होने के आसार है। इसका फायदा भातर को होगा। वैश्विक टेक कंपनी एपल ने अपने आईफोन 14 माडल की वैश्विक बिक्री के लिए कुछ हिस्से का निर्माण भारत में हस्तांतरित करने को जो फैसला किया है वह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी बात है।

# धोनी ही होंगे आईपीएल 2023 में चेन्नई टीम के कप्तान



**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के फैन्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। 2 साल पहले इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले धोनी इस समय इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं। वहीं चेन्नई फ्रेंचाइजी ने साफ कर दिया है कि अगले सीजन में भी धोनी ही कप्तानी करते नजर आएंगे।

इस बात की पुष्टि चेन्नई टीम के सीईओ काशी विश्वनाथ ने की है। उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी ही अगले आईपीएल सीजन में चेन्नई टीम के कप्तान होंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

दरअसल आईपीएल की शुरुआत 2008 से हुई थी। धोनी पहले सीजन से ही चेन्नई टीम की कप्तानी संभाल रहे और उन्होंने टीम को दूसरे सबसे ज्यादा 4 बार खिताब भी जिताया है। आईपीएल 2022 सीजन में चेन्नई फ्रेंचाइजी ने थोड़ा बदलाव किया था। उन्होंने पहली बार धोनी को कप्तानी से हटाया था। धोनी ने खुद रवींद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी थी। मगर टीम का प्रदर्शन खराब रहा था।

जडेजा की कप्तानी में चेन्नई टीम ने शुरुआती 8 में से सिर्फ 2 मैच जीते थे। साथ ही जडेजा के परफॉर्मेंस पर भी असर पड़ रहा था। वह बैटिंग और बॉलिंग दोनों में फ्लॉप नजर आ रहे थे। तब जडेजा ने खुद ही कप्तानी से इस्तीफा देकर फिर से धोनी को कमान सौंप दी थी। तब चेन्नई टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी थी।

ऐसे में यह कयास लगाए जा रहे थे कि क्या 41 साल के हो चुके धोनी फिर से मैदान में खेलते नजर आएंगे या नहीं। यदि खेलेंगे तो क्या कप्तान होंगे या नहीं? ऐसा माना जा रहा था कि अगले आईपीएल सीजन में चेन्नई टीम का नया कप्तान सामने आ सकता है, ताकि धोनी के बाद भविष्य में उनका उत्तराधिकारी तैयार हो सके। मगर अब फ्रेंचाइजी ने साफ कर दिया है कि धोनी ही कमान संभालते दिखेंगे।

# सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच बने लारा

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा को फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया।

एसआरएच ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, क्रिकेट के दिग्गज ब्रायन लारा आगामी आईपीएल सीजन के लिए हमारे मुख्य कोच होंगे।

लारा की नियुक्ति के साथ ही एसआरएच और टॉम मूडी के बीच दीर्घकालिक संबंध समाप्त हो गया।

एसआरएच ने कहा, हमारे साथ टॉम का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। हम एसआरएच में उनके योगदान के लिए टॉम को धन्यवाद देना चाहते हैं। यह वर्षों से एक बहुत ही पोषित यात्रा रही है, और हम उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

मूडी एक साल को छोडक़र, 2013 में एसआरएच की स्थापना के बाद से टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहे हैं। टीम ने उनके मार्गदर्शन में आईपीएल 2016 का खिताब जीता और 2018 में उपविजेता रही। इसके अलावा, एसआरएच ने मूडी के कार्यकाल में चार अन्य मौकों पर प्ले-ऑफ में जगह बनायी थी।

# भारत का अगस्त का वाणिज्यिक निर्यात 33 अरब डालर, व्यापार घाटा बढ़कर 28.7 अरब डॉलर हुआ




**नई दिल्ली ।** भारत से व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात अगस्त 2022 में 33 अरब डॉलर के साथ लगभग एक वर्ष पहले के स्तर पर ही रहा लेकिन व्यापार-घाटा (आयात का आधिक्य) बढक़र 28.68 अरब डॉलर हो गया।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2022 में वाणिज्यक निर्यात 33.0 अरब डालर रहा जबकि अगस्त 2021 में लगभग 33.38 अरब डालर का निर्यात हुआ था। अगस्त 2022 में वाणिज्यिक आयात 61.68 अरब डॉलर था, जो अगस्त 2021 में 45.09 अरब डॉलर से 36.78 फीसदी अधिक है।

अगस्त में कुल मिला कर निर्यात के फीके प्रदर्शन के बावजूद इलेक्ट्रानिक सामान, चवल और रसायनों के निर्यात में वृद्धि जोरदार रही।

विकसित देशों के बाजारों में नरमी, यूरोप में भू-राजनीतिक संघर्ष से आपूर्ति श्रृंखला में अड़चन तथा भारत द्वारा मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए कुछ जिंसों के निर्यात को हतोत्साहित करने जैसे उपायों से देश का निर्यात प्रभावित हुआ है। इसके विपरीत भारतीय अर्थव्यस्था की मजबूती और आर्थिक वृद्धि में तेजी रहने से आयात की मांग बढ़ रही है।

प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2022 में गैर-पेट्रोलियम निर्यात 28.09 अरब डॉलर था, जो अगस्त 2021 के 28.73 अरब डॉलर के गैर-पेट्रोलियम निर्यात की तुलना में 2.22 प्रतिशत की हल्की गिरावट दर्शाता है।

इस बार अगगस्त में गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात का 24.8 अरब डालर मूल्य का रहा पिछले वर्ष अगस्त के 25.29 अरब डाल की तुलना में 1.96 प्रतिशत कम है।

अगस्त 2022 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक सामान (50.68त्न), चावल (42.32त्न), जैविक और अकार्बनिक रसायनों (13.35त्न) के निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई।

# आसमान में कीमत की जंग : अब 1500 रुपए से कम में उठा सकते हैं हवाई सफर का आनंद



**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी मुंबई से अहमदाबाद के लिए महज 1,400 रुपये या मुंबई और बेंगलुरु के बीच करीब 2,000 रुपये या उससे भी कम में उड़ान भरने के बारे में सोचा है? यह अब संभव हो गया है क्योंकि विमानन क्षेत्र में गलाकाट प्रतिस्पर्धा ने उड़ान भरने वालों को आकर्षित करने के लिए एयरलाइनों के बीच मूल्य युद्ध को जन्म दिया है।

हवाई किराए पर एक नजदीकी नजर से पता चला है कि मुंबई से अहमदाबाद के टिकट की कीमत गो फस्र्ट पर 1,399 रुपये और नई प्रवेशी अकासा एयर पर 9 सितंबर को यात्रा के लिए 1,497 रुपये है। सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन इंडिगो उसी मार्ग पर टिकट की 1,609 रुपये में पेशकश कर रही है।

ऐसा ही हाल मुंबई-बेंगलुरु रूट पर भी है, जिसमें 2,000 रुपये से 2,200 रुपये तक के टिकट उपलब्ध हैं। अकासा एयर जहां 9 सितंबर को यात्रा के लिए 1,997 रुपये में टिकट दे रही है, वहीं इंडिगो पर 2,208 रुपये में टिकट उपलब्ध है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 31 अगस्त से हवाई किराए की सीमा को हटाने के बाद भारतीय एयरलाइनों के बीच मूल्य युद्ध की आशंका थी।

उद्योग के विशेषज्ञों ने कहा कि एयरलाइनों के बीच उच्च प्रतिस्पर्धा से उड़ान भरने वालों के लिए लाभ हो सकता है और कई एयरलाइंस मांग के अनुसार छूट की पेशकश कर सकती हैं। दिलचस्प बात यह है कि कीमतों में ज्यादातर उन मार्गों पर गिरावट आई है, जिन पर हाल ही में लॉन्च हुई अकासा एयर ने अपना परिचालन शुरू किया है। एक विशेषज्ञ ने कहा कि उड्डयन मंत्रालय के इस कदम से एयरलाइंस को हवाई किराए तय करने में लचीलापन मिला है क्योंकि वे अब अपनी नीतियों के अनुसार शुल्क ले सकते हैं। अकासा एयर के प्रवेश ने विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ा दी है। उड़ान भरने वालों को आकर्षित करने के लिए, कुछ एयरलाइनों ने पहले ही कम दरों पर टिकट देना शुरू कर दिया है। इससे पहले, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा था कि अनुसूचित घरेलू परिचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद, अर्थात हवाई यात्रा के लिए यात्री की मांग, हवाई किराए के संबंध में समय-समय पर अधिसूचित किराया बैंड को प्रभावी रूप से हटाने का 31 अगस्त से निर्णय लिया गया है।

# टिम इंडिया के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान को बड़ा झटका, चोट के कारण ये खिलाड़ी एशिया कप से बाहर



**दुबई ।** पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज शाहनवाज दहानी एशिया कप सुपर-4 में भारत के खिलाफ रविवार को खेले जाने वाले मुकाबले से 'संदिग्ध' चोट के कारण बाहर हो गये हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा, शाहनवाज़ दहानी संदिग्ध साइड स्ट्रेन के कारण भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले एसीसी एशिया कप सुपर-4 मुकाबले के लिये उपलब्ध नहीं होंगे। उन्हें शुक्रवार को हांगकांग के खिलाफ शारजाह में गेंदबाजी के दौरान चोट लग गई थी।

पीसीबी ने कहा कि साइड स्ट्रेन चोट के कारण उन्हें 48-72 घंटे तक चिकित्सीय दल अपनी निगरानी में रखेगा। इसके बाद उनके टूर्नामेंट में प्रतिभागिता पर निर्णय लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के शीर्ष तेज़ गेंदबाज़ शाहीन अफ़रीदी और मोहम्मद वसीम जूनियर पहले ही चोटिल होकर टीम से बाहर हो चुके हैं। शाहनवाज़ दहानी ने भारत के खिलाफ एशिया कप 2022 में हुए पहले मैच में चार ओवर डालकर 29 रन दिये थे। जबकि हांगकांग के खिलाफ दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट भी झटका था। भारत और पाकिस्तान के बीच सुपर-4 मुकाबला रविवार को खेला जाएगा जो भारतीय समयानुसार शाम 0730 बजे शुरू होगा।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज परिस्थिति तथा समय में तालमेल बिठाकर कार्य करने में सक्षम रहेंगे। माता-पिता तथा बुजुर्गों के प्रति मन में सेवा भाव बना रहेगा। विद्यार्थी तथा युवा अपने अध्ययन तथा कैरियर के प्रति पूरी तरह फोकस रहेंगे।

***वृष :*** आज कार्यक्षेत्र में उन्नति से संबंधित कोई शुभ समाचार मिल सकता है। किसी प्रकार का ठोस निर्णय लेते समय उस पर गंभीरता से विचार विमर्श करना अति आवश्यक है। कामकाज को लेकर की गई यात्राएं सफल रहेंगी।

***मिथुन :*** आज जो काम पिछले कुछ समय से रुका हुआ या अटका हुआ था, उसे पूरा करने का उचित समय है। इस समय कोई नई उपलब्धि आपका इंतजार कर रही है, और आप अपनी योग्यता व प्रतिभा द्वारा उसे पूरा करने में सक्षम भी रहेंगे।

***कर्क :*** आज का दिन मनोनुकूल रहेगा। व्यापार में विस्तार की योजनाओं को मूर्तरूप देने का उचित समय है। फिजूलखर्ची पर जरूर नियंत्रण रखें। किसी अपरिचित इंसान की बातों में आने से आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

***सिंह :*** आज संतान की शिक्षा या कैरियर से संबंधित कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। पैतृक संपत्ति या किसी भी प्रकार का विवाद आज किसी की मध्यस्थता से सुलझाने का उचित समय है।

***कन्या :*** आज का दिन मिला जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई चुनौती सामने आ सकती है। खुद को साबित करने के लिए मेहनत की जरूरत हो सकती है। इस समय बिजनेस को लेकर जो योजना चल रही थी, वो और टल सकती है।

***तुला :*** आज आप अपने सकारात्मक दृष्टिकोण द्वारा किसी भी समस्या का हल ढूंढने में सक्षम रहेंगे। संतान संबंधी भी कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व कृपा प्राप्त होगी।

***वृश्चिक :*** आज कार्यक्षेत्र में विस्तार की योजना पर काम शुरू करने से काफी हद तक सफलता मिल सकती है। अपने टैक्स संबंधी सभी कामों को पूरा रखें। अगर आप राजकीय सेवा क्षेत्र में है तो पब्लिक के साथ व्यवहार करते समय सावधानी रखने की आवश्यकता है।

***धनु :*** आज आय के नए स्रोत बनने के उचित योग बन रहे हैं। कारोबार में कोई उपलब्धि मिलने पर ज्यादा सोच-विचार ना करके तुरंत उस पर अमल करें। नौकरी में छोटी-मोटी समस्याएं आ सकती है।

***मकर :*** आज आप किसी भी परिस्थिति में कार्य को पूरा करने की क्षमता रखेंगे। समाज तथा परिवार में मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा में इजाफा होगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

***कुंभ :*** आज योजना अनुसार कार्य करने में सफलता मिलेगी। मशीनरी तथा तकनीकी कार्यों से संबंधित व्यवसाय में कामयाब रहोगे। अपनी कार्यप्रणाली तथा व्यस्तता संबंधी योजनाओं को किसी के समक्ष जाहिर ना करें।

***मीन :*** आज घर में किसी नजदीकी रिश्तेदार के आगमन से खुशी का माहौल रहेगा। तथा किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशविरा होने से कोई समाधान भी मिलेगा। कोर्ट-कचहरी संबंधी जो मामले पिछले काफी समय से लंबित चल रहे थे, उन पर आज काम करने का उचित समय है। सामाजिक दायरा बढेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

# अमिताभ-रश्मिका की फिल्म गुड बाय का पहला लुक हुआ आउट




बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन नयी फिल्म के साथ धमाका करने वाले हैं। जी दरअसल वह एक के बाद एक फिल्में रिलीज कर रहे हैं। जल्द आप उन्हें ब्रह्मास्त्र में देखने वाले हैं और अब इन सभी के बीच उनकी आने वाली फिल्म गुड बाय का पहला लुक सामने आया है। आप देख सकते हैं इस पोस्टर में एक्टर संग साउथ की मशहूर अदाकारा रश्मिका मंदाना भी नजर आ रही हैं। जी हाँ और अमिताभ बच्चन ने खुद इस पोस्ट को शेयर किया है जिसका कैप्शन बता रहा है कि इस फिल्म की कहानी का आधार क्या है?

इसी के साथ ही, उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। आप देख सकते हैं अमिताभ बच्चन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर अपकमिंग फिल्म गुडबाय का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है कि, परिवार का साथ है सबसे ख़ास, जब कोई नहीं होता पास, तब भी रहता है इनका एहसास । वहीं आगे उन्होंने एक रेड हार्ट इमोजी बनाया है। वैसे एक्टर ने फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा करते हुए यह भी बताया है कि रश्मिका मंदाना संग उनकी फिल्म अगले महीने 7 अक्टूबर को रिलीज होगी।

अमिताभ के कैप्शन में लिखी लाइनें इस बात की ओर इशारा कर रही हैं कि ये एक पारिवारिक फिल्म होगी और इसमें रश्मिका अमिताभ की बेटी का किरदार निभा रही हैं।

# जल्द बायोपिक फिल्म में नजर आ सकती हैं सुष्मिता सेन



सुष्मिता सेन को उनके करियर में बेशुमार शोहरत मिली है। ये अलग बात है कि हाल के दिनों में फिल्मों में उनकी सक्रियता कम हो गई। अब खबर सामने आ रही है कि सुष्मिता जल्द एक बायोपिक फिल्म में नजर आएंगी। लंबे समय बाद इस अभिनेत्री को बड़े पर्दे पर देखना दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

सेलिब्रिटी फोटोग्राफर मानव मंगलानी ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, सुष्मिता एक बायोपिक को लीड करती दिखेंगी। सुष्मिता इसमें एक अनेदेखा अवतार में मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।

# झटपट से तैयार करें 'पनीर टिक्का पुलाव'



## सामग्री :

**मैरिनेशन के लिए-** दही- 1 कप, अदरक-लहुसुन पेस्ट- 1 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1 टीस्पून, चाट मसाला- 1 टीस्पून, जीरा पाउडर- 1 टीस्पून, सरसों का तेल- 1/4 कप, कसूरी मेथी- 1 टेबलस्पून

**अन्य चीज़ें-** बासमती चावल- 1 कप, पनीर (क्यूब्स में कटे हुए)- 200 ग्राम, कटे हुए प्याज- 1 कप, कटी हई शिमला मिर्च- 1/4 कप, कटी हुई पीली शिमला मिर्च- 1/4 कप, कटी हुई लाल शिमला मिर्च- 1/4 कप, पंचफोरन- 1 टेबलस्पून, तेज पत्ता- 1, घी- 2 टेबलस्पून

## विधि :

बासमती चावल को पानी से अच्छी तरह धोकर 15-20 मिनट के लिए भिगो दें। इसके बाद चावल को पका लें।

**मैरिनेट की विधि-** एक बाउल में दही, अदरक-लहुसन पेस्ट, सरसों का तेल, सारे मसाले और कसूरी मेथी डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इसमें तीनों तरह की शिमला मिर्च और पनीर डालें। हल्के हाथों से ऐसे मिक्स करें जिससे पेस्ट पनीर और शिमला मिर्च पर लग जाए और फिर इसे फ्रिज में 2-3 घंटे के लिए रख दें।

**पुलाव-** अब एक पैन में घी गर्म करें। इसमें पंचफोरन, तेजपत्ते का तड़का लगाएं। फिर कटे प्याज डालर उसे सुनहरा होने तक भून लें। इसके बाद बारी है मैरिनेट की हुई सब्जियां डालने की, जिसे 5-6 मिनट तक पकाना है। इससे ज्यादा नहीं वरना टेक्सचर खराब हो सकता है पुलाव का। मैरिनेशन के बचे पेस्ट को भी मसाले में मिक्स कर दें। अब इसमें पके हुए चावल मिक्स करें। चावल को अच्छी तरह मिक्स करें। 4-5 मिनट ढककर रखें उसके बाद गैस बंद कर....2-3 मिनट बाद गरमा-गर्म सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 184

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्रबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 183 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# सू-दोकू- 184

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.183 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |